जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

14 मई 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया की फोटो प्रदर्शनी 'फोटो-बज़्म': एक विजुअल प्रस्तुति जिसे देखने बड़ी संख्या में फोटोग्राफी के शौकीन लोग पधारे ।

एजेके एमसीआरसी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने दिनांक 13 और 14 मई, 2024 को स्टिल फोटोग्राफी और विजुअल कम्युनिकेशन में पीजी डिप्लोमा के अपने 2023-24 बैच की फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'फोटो-बज़्म' का आयोजन किया। । दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन 13 मई 2024 को विश्वविद्यालय के एमएफ हुसैन आर्ट गैलरी में ललित कला संकाय, जेएमआई पूर्व डीन प्रो गजनफर एच. जैदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। । इस कार्यक्रम को देखने आने वाले विशिष्ट अतिथियों में प्रो बिंदुलिका शर्मा, प्रो शोहिनी घोष और एजेके एमसीआरसी के कई संकाय सदस्य शामिल थे। इस प्रदर्शनी में एजेके एमसीआरसी के पूर्व छात्रों ने भी भाग लिया।

दोपहर में परीक्षा समाप्त होने के बाद जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, विद्यार्थियों की भीड़न इस प्रदर्शनी को देखने के लिए बढ़ती गई। तदुपरान्त कार्यक्रम में ऑडियो-विजुअल स्क्रीनिंग के लिए छात्रों और उनके परिवार के सदस्यों की अत्यधिक भीड़ देखी गई।

इस प्रदर्शनी के प्रमुख आगंतुकों में गैब्रिएल फोंसेका जॉनसन (दक्षिण एशिया संपादक, रॉयटर्स पिक्चर्स), रवि ढींगरा (कैनन ईओएस मेंटर) और पुरूषोत्तम दिवाकर (वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट, इंडिया टुडे) शामिल हैं।

फोटोग्राफी डिप्लोमा छात्रों द्वारा प्रस्तुत दृश्य कहानियों से विषयों की एक श्रृंखला सबके सामने आईं। इसके साथ साथ सोशल मीडिया पर भी प्रदर्शनी की प्रशंसा हो रही है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया